# *प्रेस विज्ञप्ति*

## *कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज-दिनांक- अप्रैल 06, 2021*

***यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं संदिग्धों की चेकिंग***- जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 194 वाहनों का चालान किया गया व 03 वाहन से 3000/ रुपया शमन शुल्क वसूला गया।

***शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही*-** जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 16 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

***पैदल गश्त अभियान***- श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे पैदल गश्त अभियान के तहत जनपद पुलिस के सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीम बनाकर पैदल गश्त अभियान को जारी रखते हुए दुकानदारों, व्यापारियों तथा आम जनता से सम्पर्क स्थापित किया गया तथा उनकी समस्या सुनी गयी। कस्बा में स्थित चौराहों, सड़क की पटरियों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया। जिससे चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात सुगम हो सके। अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 290 भा0द0वि0 मे 30 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

***आबकारी अधिनियम में की गयी कार्यवाही*-**

***थाना बृजमनगंज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्ता रीमा पत्नी लक्ष्मण साहनी नि0 शिवपुर थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज के कब्जे से 20 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-106/21 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना घुघली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्त अजय पुत्र ओकार साहनी नि0 विशुनपुर भडेसर थाना सिन्दुरिया जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-78/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना फरेन्दा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्त धर्मराम पुत्र रामाश्रय नि0 भारी भैसी नर्सरी थाना फरेन्दा जनपद महराजगंज के कब्जे से 10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-96/21 धारा-60(2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना ठूठीबारी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्त राजू पुत्र मोतीचन्द नि0 बेलवा थाना ठूठीबारी जनपद महराजगंज के कब्जे से 15 शीशी नेपाली शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-44/21 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***थाना कोठीभार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-*** अभियुक्तगण 1.गोलू पुत्र बुद्धु नि0 सेवरारी 2.कोईली पत्नी धवललाल नि0 सेवरारी थाना कोठीभार जनपद महराजगंज के कब्जे से 10-10 ली0 कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-55/56/21 धारा-60(1) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***गुण्डा अधिनियम में की गयी कार्यवाही*-**

***थाना बृजमनगंज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही**-* अभियुक्तगण 1.मनीष पुत्र रंगीलाल सा0 कोट कम्हरिया 2. राजेश पुत्र राधेश्याम सा0 धुसवा थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-निल/21 धारा- ¾ गुण्डा अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

***विवेचनाओं का निस्तारण***- पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर विवेचना की कार्यवाही करते हुए कुल-07 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

***जनपद में 5/6-4-2021 को विभिन्न अपराधों में कुल- 22 अभियुक्तगणों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी*** ।